विक्टोरियन सीनियर ऑफ द ईयर अवार्ड के लिए किसी को नामांकित करना

यह कैसे करें, इससे सम्बन्धित गाइड (मार्गदर्शिका)

OFFICIAL

विक्टोरियन सीनियर ऑफ द ईयर अवार्ड्स के लिए नामांकन सोमवार 5 मई 2025 से खुलेंगे।

चार आसान चरणों का पालन करके अपने नामांकन की तैयारी समय से पहले ही करनी शुरू करें।

प्रवेश करने के लिए चार आसान चरण

1. पात्रता की जांच करें

यह ज़रूरी है कि विक्टोरियन सीनियर ऑफ द ईयर अवार्ड के लिए नामांकित व्यक्ति:

- ऑस्ट्रेलिया का नागरिक या स्थायी निवासी (सिटीजन या परमानेंट रेज़ीडेंट) हो,
  - विक्टोरिया का निवासी हो और
  - उनकी आयु 60 वर्ष या उससे अधिक हो, या
- विक्टोरिया में रहने वाला कोई एबोरिजनल (आदिवासी) और/या टोरेस स्ट्रेट आइलैंडर मूल का व्यक्ति हो जिसकी आयु 50 वर्ष या उससे अधिक हो।

खुद के लिए किए गए नामांकन स्वीकार नहीं किए जाते हैं।

2. अवार्ड की श्रेणी चुनें

अवार्ड की छह श्रेणियां हैं:

- **विक्टोरियन सीनियर ऑफ द ईयर के लिए प्रीमियर अवार्ड** किसी व्यक्ति के स्थानीय समुदाय और विक्टोरिया में उनके द्वारा किए गए उत्कृष्ट और स्थायी योगदान के लिए उनका सम्मान करता है।
- **काउंसिल ऑन द एजिंग (COTA) विक्टोरिया सीनियर अचीवर अवार्ड्स** स्थानीय समुदाय के चैंपियन लोगों का सम्मान करता है हैं जो अपने समुदाय में सकारात्मक तरीके से उम्रवृद्धि प्रक्रिया में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं।
- **इमर्जिंग इम्पैक्ट अवार्ड** एक ऐसे व्यक्ति का सम्मान करता है जिसने स्वयंसेवा के क्षेत्र में अभी कदम रखा है और जो अपने स्थानीय समुदाय में महत्वपूर्ण प्रभाव डाल रहा है।
- **पॉजिटिव एजिंग अवार्ड** एक ऐसे व्यक्ति का सम्मान करता है जो सकारात्मक और सक्रिय रूप से उम्रवृद्धि को बढ़ावा देकर अपने समुदाय में वृद्ध लोगों की भलाई में सुधार करता है।
- **प्रोमोशन ऑफ मल्टीकल्चरल अवार्ड** एक ऐसे व्यक्ति का सम्मान करता है जिसने अपने स्थानीय समुदाय और पूरे विक्टोरिया में सांस्कृतिक विविधता के लाभों को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण योगदान दिया हो।
- **वेटरन कम्युनिटी अवार्ड** एक ऐसे व्यक्ति का सम्मान करता है जिसने वेटरन कम्युनिटी (पूर्व सैनिक समुदाय) में विशेष योगदान दिया हो। यह ज़रूरी नहीं है कि इस अवार्ड का विजेता एक वेटरन (पूर्व सैनिक) हो।

VICTORIA State Government | Families, Fairness and Housing

3. जानकारी एकत्रित करें

नामांकन करने के लिए, आपको उस व्यक्ति के बारे में जानकारी की आवश्यकता होगी जिसे आप नामांकित कर रहे हैं, जिसमें उनका निम्नलिखित विवरण शामिल है:

- पूरा नाम
- फोन नम्बर
- आयु
- ईमेल पता
- डाक पता

नामांकन फॉर्म में नामांकित व्यक्ति के स्वयंसेवा कार्य के बारे में सवाल पूछे जाते हैं। आपसे पूछे जाने वाले कुछ सवालों में निम्न सवाल शामिल हो सकते हैं:

- वे किस संगठन/किन संगठनों के लिए स्वयंसेवा कार्य करते हैं?
- वे सप्ताह में कितने घंटे/दिन स्वयंसेवा करते हैं?
- उनके योगदान का समुदाय पर क्या प्रभाव पड़ता है?

4. संदर्भ (रेफरेंस) और फ़ोटो ढूंढें

अंतिम चरण कुछ सहायक जानकारी प्रदान करता है। अपने नामांकित व्यक्ति के लिए, आपको निम्नलिखित की आवश्यकता होगी:

- 2 लोगों के लिए रेफरेंस, उनके संपर्क विवरण सहित
- नामांकित व्यक्ति की एक फ़ोटो।

प्रवेश की शर्तों सहित और अधिक जानकारी के लिए, सीनियर्स ऑनलाइन की वेबसाइट पर जाएं:
www.seniorsonline.vic.gov.au/awards

Authorised and published by the Victorian Government, 1 Treasury Place, Melbourne.
© State of Victoria, Australia, Department of Families, Fairness and Housing, April 2025.